# दौसा के लोगों पर मेरा विशेष अधिकार, रिश्ता अगले जन्म में भी नहीं टूटने दूंगा : पायलट

## कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने ईआरसीपी को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा

**दौसा/लालसोट।** शुक्रवार को सिकराय में सचिन पायलट ने कहा कि मेरा दौसा जिले के लोगों पर विशेष अधिकार है। राजेश पायलट चार बार और रमा पायलट यहां से सांसद रहीं। मैं भी 26 साल की उम्र में सांसद बना। ऐसे में दौसा के लोगों से इस जीवन में रिश्ता टूटने वाला नहीं है और अगले जन्म में भी इसे नहीं टूटने दूंगा। भावुक होते हुए पायलट ने कहा कि अच्छे समय और खुशियों में सब शामिल होते हैं, लेकिन परेशानी में अपने लोगों को ही शामिल किया जाता हैं। ऐसे में दौसा जिले के लोगों साथ इस जीवन में तो यह रिश्ता टूटने वाला नहीं है।

पायलट ने कहा कि अगर किसी का कोई छोटा-मोटा मनभेद, मनमुटाव है, तो उसे भूल जाओ और जैसा राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान के पैगाम को आगे बढ़ाओ। अपने और मुख्यमंत्री गहलोत के बयान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मोहब्बत की बात कल भी हो गई और आज भी हम मोहब्बत से जोड़ रहे हैं। पायलट ने कहा कि भाजपा के लोग चिंतित हैं, उन्हें पता नहीं किसे कहां से टिकट दें। सब जानते हैं कि कांग्रेस इस बार एकता और मजबूती से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कहा कि दौसा जिले ने हमेशा से कांग्रेस का ध्यान दिया तो कांग्रेस पार्टी ने 36 कौम के लोगों को प्यार देकर आगे बढ़ाने का काम किया। पायलट ने ईआरसीपी पर कहा कि हमारी सरकार ने काम किया है,लेकिन हमारे किसानों, आम लोगों को इसलिए परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि केंद्र में मोदी सरकार है। प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी ने दो बार इस परियोजना को लेकर कहा, लेकिन कांग्रेस की सरकार होने के चलते भेदभाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी अगर इस योजना में आने से किसी गांव की डीपीआर रह गयी है तो हमारी सरकार वापस बनेगी तो उन व को भी उसमें शामिल करेंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि दौसा जिला हमारी प्राथमिकता में है। प्रदेश में 33 से 53 जिले बना दिए हैं। हालांकि इसकी कुछ लोगों ने आलोचना भी की, लेकिन मैं हमेशा दौसा का उदाहरण देता हूं कि जब दौसा जिला बना तो भी लोग ऐसी ही बातें करते थे। जबकि आज दौसा में जबरदस्त विकास हो रहा है। गहलोत ने कहा कि एक और मल्लिकार्जुन खड़गे हैं जो ईस्ट राजस्थान कैनाल परियोजना की बात करते हैं। दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं जो इस योजना को लेकर एक शब्द भी नहीं बोलते। गहलोत ने कहा कि जिस तरह से सचिन पायलट ने कहा कि सारी बातें और मतभेद भूल कर एक साथ चुनाव लड़ें। वही बात मैं भी कहता हूं क्योंकि हम सबको समझना पड़ेगा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो पूरे देश में मैसेज जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अभी घबराई हुई है और सांसदों को टिकट दे रही है। दिल्ली के नेता उनका प्रचार कर रहे हैं, लेकिन सरकार बनने के बाद दिल्ली के नेता आपको दिखाई नहीं देंगे। सरकार के बाद हम ही आपके साथ रहेंगे।

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने दौसा जिले के सिकराय विधानसभा क्षेत्र में ईआरसीपी को लेकर आयोजित एक आम सभा को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा एवं कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जो नीति बनी है वह केवल गरीबों से खींचना और उद्योगपति मित्रों को सीचना रहा है।

प्रियंका गांधी ने ईआरसीपी को लेकर भी मोदी सरकार को घेरा कहा कि खोखली घोषणाएं नहीं होनी चाहिए उनको पूरा करने के लिए आधार भी होना चाहिए। प्रियंका गांधी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा सरकारी संपत्तियों को बेचने पर निशाना साधा और प्रधानमंत्री पर देवनारायण मंदिर में दिए गए 21 के लिफाफे कर तंज कसते हुए मोदी के विकास को भी लिफाफे में 21 की तरह ही विकास करने पर निशाना साधा।

कार्यक्रम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा, मंत्री भजनलाल जाटव, मंत्री मुरारी लाल मीणा आदि ने भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा का स्थानीय परिधानों में मशहूर कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथ के निशान एवं गांधी प्रियंका लिखी हुई पीली लूगड़ी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। प्रियंका गांधी के हेलीकॉप्टर से सभा स्थल पहुंचने के दौरान प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट द्वारा अगवानी की गई। कार्यक्रम के बाद प्रियंका गांधी ने मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर दर्शन किए गए एवं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत की कामना की।



दौसा के सिकराय में ईआरसीपी को लेकर आयोजित सभा के दौरान राजस्थान के पूर्व डिप्टी सी.एम. सचिन पायलट ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का स्वागत किया।

- जिस तरह सचिन पायलट ने कहा कि सारी बातें और मतभेद भूलकर एक साथ चुनाव लड़ें, वही बात में भी कहता हूं : गहलोत
- पायलट ने कहा कि अच्छे समय और खुशियों में सब शामिल होते हैं, लेकिन परेशानी में अपने लोगों को ही शामिल किया जाता है

# 48.20 लाख के जेवर सहित नकदी बरामद



जालोर कोतवाली पुलिस ने जेवर सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

**जालोर, (कासं)।** जालोर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर कार्यवाही कर संदिग्ध परिस्थिति में पाये गये करीब 48.20 लाख रूपये मूल्य के सोने, चांदी के जेवरात व नकद रूपये जब्त किये।

जालोर पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन के निर्देशानुसार जिले में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मध्यनजर अवैध रूप से नकदी का लेन-देन, शराब व अन्य मादक पदार्थों का वितरण एवं अन्य संदिग्ध सामग्री का वितरण कर मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले लोगों की निगरानी एवं धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत जालोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल एवं जालोर पुलिस उप अधीक्षक रतनाराम देवासी के सुपरविजन में कोतवाल राजेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सरहद महेशपुरा में जोधपुर से जालौर आने वाली राजस्थान परिवहन निगम की रोड़वेज बस में चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति देवेन्द्रसिंह पुत्र ओमवीरसिंह सोनी निवासी महावीर कॉलोनी, रातानाड़ा, जोधपुर के संदिग्ध स्थिति में बिना किसी वैध बिल/परिवहन अनुज्ञापत्र सोने के जेवरात, चांदी के गहने व किमती नगीने तथा कुल चार लाख रूपये नकद मिले जिनका कुल अनुमानित मूल्य 48 लाख 20 हजार रूपये हैं जो संदिग्ध परिस्थिति में होने से जब्त किया।

# 24.95 लाख की नगदी सहित दो ट्रक व कार जब्त

- कैश और दोनों ट्रकों के कागजात के बारे में जवाब नहीं दिये जाने पर कार्रवाई की

**अलवर, (निसं)।** विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर नाकाबंदी एवं सघन चेकिंग के दौरान जिले की लक्ष्मणगढ़ और गोविंदगढ़ थाना पुलिस की टीम ने 24 लाख 95 हजार रुपये नगद समेत दो ट्रक व एक क्रेटा कार जब्त की है। इस बारे में आयकर विभाग को सूचना दी गई है।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के मध्य नजर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मादक पदार्थ, अवैध शराब व अवैध कैश की जब्ती के लिए नाकाबंदी एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत सीओ कमल प्रसाद मीणा के सुपरविजन में एसएचओ श्रीराम मीणा द्वारा शुक्रवार को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 16 लाख 50 हजार और दूसरे ट्रक से 7 लाख रुपये बरामद किये। ट्रक सवार मुबीन कुरैशी (29) और आरिफ कुरैशी निवासी मानोता थाना पुन्हाना जिला नुहू मेवात द्वारा कैश और दोनों ट्रकों के कागजात के बारे में संतोषप्रद जवाब नहीं दिये जाने पर जप्त किये गये।

एसपी शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार गोविंदगढ़ थाना अधिकारी हितेश शर्मा की टीम द्वारा पुलिस चौकी नसवारी के पास नाकाबंदी में एक क्रेटा कार को रोका गया। चालक मुस्ताक खान (35) निवासी गन्दीका थाना गोविंदगढ़ के पास 1 लाख 45 हजार रुपये नकद मिले।



## ब्रिस्बेन हीट महिला ने मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को 6 रन से हराया

मेलबर्न, 20 अक्टूबर। वीमेंस बिग बैश लीग के शुक्रवार को खेले गये दूसरे मुकाबले में ब्रिस्बेन हीट महिला ने ग्रेस हैरिस के 49 और जॉर्जिया रेडमेन 49 रनों की पारी तथा सेरा ग्लेन, चार्ली नॉट की शानदार गेदबाजी की बदौलत मेलबर्न रेनेगेड्स महिला को छह रन से हरा दिया है। आज यहां मेलबर्न रेनेगेड्स महिला टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ब्रिस्बेन हीट महिला टीम की सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस 26 गेंदों में 49 रन और जॉर्जिया रेडमेन 39 गेंदों में 49 रन की शानदार पारी और चार्ली नॉट के 12 गेंदों में 23 रन, बेस हीथ के नौ गेंदों में 19, मिकायला हिंकली के आठ गेंदों में नाबाद 17 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 187 रन का स्कोर खड़ा किया।

## महिला रग्बी मुकाबले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 42-7 से हराया

वेलिंगटन, 20 अक्टूबर। महिला रग्बी विश्व कप डब्ल्यूएक्सवी1 टूर्नामेंट में शुक्रवार को इंग्लैंड की टीम ने आस्ट्रेलिया को 42-7 से हराकर अपने विजयी रथ का आगाज किया। वर्तमान में इंग्लैंड की रेड रोज टीम विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है और उसने हाफ टाइम से पहले एक बोनस अंक हासिल किया। इंग्लैंड की हन्ना बोटरमैन, एला वायरवास, कप्तान मार्ली पैकर और जेस ब्रीच ने पहले 40 मिनट में स्कोर किया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए एशले मार्स्टर्स ने स्कोर किया। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 27 अक्टूबर को कनाडा से होगा।

## चंडीगढ़ का मुकाबला मणिपुर से, मिजोरम भिड़ेगा उत्तराखंड से

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। 62वें सुब्रतो कप इंटर स्कूल इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंडीगढ़ का सामना टीजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, मणिपुर से होगा, जबकि हौलावांग हाई स्कूल, मिजोरम की भिड़ंत एमेनिटी पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड से होगी। सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को अंबेडकर स्टेडियम में खेले जाएंगे। आज खेले गये पहले क्वार्टर फ़ाइनल में मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल,चंडीगढ़ ने अंबेडकर स्टेडियम में कड़े मुकाबले में एमआईसी इंग्लिश मीडियम मलप्पुरम, केरल को एकमात्र गोल से हराया जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में बिक्रमजीत की हैट्रिक की मदद से टीजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, मणिपुर ने संजीवन विद्यानिकेतन, कोल्हापुर, महाराष्ट्र को 4-0 से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। हौलावांग हाई स्कूल, मिजोरम ने तीसरे क्वार्टर फाइनल में मदर इंटरनेशनल स्कूल, रांची, झारखंड को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिज़ो टीम के लिए एड्रियास और मेसाक ने निर्णायक गोल किए। बोइनाओ और अर्जुन के देर से किए गए गोलों की मदद से एमेनिटी पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर, उत्तराखंड ने आखिरी क्वार्टर फाइनल में बंपाथेर बेंगनाबारी एच.एस.एस., असम को 3-0 से हराया और कल के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

# ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप में दूसरी जीत, पाक को 62 रन से हराया

बेंगलुरू, 20 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप किक्रेट मैच 2023 में दूसरी जीत हासिल की है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने पाकिस्तान को 62 रन से हराया। टीम को पहली जीत श्रीलंका के खिलाफ मिली थी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 367 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान 45.3 ओवर में 305 रन पर ही ऑलआउट हो गया।

ऑस्ट्रेलिया से ओपनर डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने शतक लगाए, दोनों ने 259 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की। एडम जम्पा और मार्कस स्टोयनिस ने मिडिल ओवर्स में विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को मैच जिताया। जम्पा को 4 और स्टोयनिस को 2 विकेट मिले।

ओपनर्स की मजबूत शुरुआत के बाद पाकिस्तानी पारी बिखर गई। ओपनर्स के आउट होने के बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए। बीच में रिजवान और शकील ने बिखरती पारी को संभालने की नाकाम कोशिश की। लोअर मिडिल ऑर्डर में इफ्तिखार और मोहम्मद नवाज भी असरदार प्रदर्शन नहीं कर सके। कप्तान बाबर आजम 18, मोहम्मद रिजवान 46, साउद शकील 30 और इफ्तिखार अहमद 26 रन बनाकर आउट हुए।

ओपनिंग के बाद शकील-रिजवान के अलावा कोई 50 की पार्टनरशिप नहीं हुई। 368 का टारगेट चेज करने उतरे पाकिस्तानी ओपनर्स अब्दुल्लाह शफीक और इमाम उल हक ने मजबूत शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। ओपनर्स ने 127 गेंदों पर 134 रन की साझेदारी की। अब्दुल्लाह 22वें ओवर में 64 रन बनाकर आउट हुए। अपना पहला ओवर फेंकने आए स्टोयनिस ने पहली ही गेंद पर उनका विकेट लिया।




# सिंधु तुनजुंग को हराकर डेनमार्क ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची

ओडेंस, 20 अक्टूबर। भारत बैडमिंटन स्टर पीवी सिंधु ने गुरुवार को ओडेंस के जिस्के बैंक एरीना में महिला एकल के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं।

आज खेले गये डेनमार्क ओपन के मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने दुनिया की 7वें नंबर की इंडोनेशियाई ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को 18-21, 21-15, 21-13 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने बीडब्ल्युएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग के खिलाफ पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2-1 से मैच अपने नाम किया।

पहले गेम की शुरुआत दोनों खिलाड़ियों ने बराबरी के साथ की। लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 12-6 से बढ़त हासिल कर ली। वहीं, सिंधु ने गेम में वापसी करते हुए लगातार अंक अर्जित किए और स्कोर 12-13 कर दिया। ग्रेगोरिया ने यह गेम जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर बढ़त हासिल की, लेकिन इस बार सिंधु की वापसी के लिए मौका नहीं दिया। इस गेम को उन्होंने 21-18 से जीत लिया।

दूसरे गेम में भारतीय शटलर ने शुरुआती बढ़त हासिल की और इंडोनेशियाई खिलाड़ी पर अपना दबदबा कायम किया। ग्रेगोरिया की गलतियों का फायदा उठाकर भारतीय शटलर ने 13-6 से बड़ी बढ़त बना ली। लेकिन ग्रेगोरिया मारिस्का ने वापसी की और स्कोर 14-14 से बराबर कर दिया। इसके बाद सिंधु ने लगातार पांच अंक हासिल कर स्कोर 19-14 कर दिया। वहीं, ग्रेगोरिया को मौका न देते हुए सिंधु ने 21-15 से दूसरा गेम जीत लिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। गेम की शुरुआत में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने बढ़त बनाई। वहीं, सिंधु ने वापसी करते हुए स्कोर को 9-9 से बराबर कर दिया। इसके बाद सिंधु ने दमदार खेल के जरिए बढ़त बनाई और इस लय को बरक़रार रखते हुए तीसरे गेम में 21-13 से जीत हासिल की। पीवी सिंधु ने ग्रेगोरिया मारिस्का पर नौवीं जीत दर्ज की है। क्वार्टरफाइनल मैच में सिंधु का सामना वर्ल्ड रैंकिंग में 19वें नंबर की थाईलैंड की सुपानिदा कटेथोंग से होगा।

इसके अलावा महिला एकल के अन्य मुकाबले में रैंकिंग में 38वें नंबर पर मौजूद आकर्षी कश्यप को थाईलैंड की सुपानिदा कटेथोंग से सीधे गेम में 18-21, 8 -21 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारतीय खिलाड़ी का इस टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। इससे पहले पुरुष एकल स्पर्धा में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत शुरुआती राउंड के अपने-अपने मैच में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो चुके थे।

# घरेलू दर्शकों के सामने प्रदर्शन को लेकर उत्साहित है सलीमा, संगीता, निक्की

रांची, 20 अक्टूबर। भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और संगीता कुमारी 27 अक्टूबर से शुरु होने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में घरेलू दर्शकों के सामने प्रदर्शन को लेकर खासी उत्साहित हैं।

पांच नवंबर तक चलने वाली चैंपियनशिप में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमे हिस्सा लेंगी। सविता के नेतृत्व में भारतीय टीम उदघाटन मैच में थाईलैंड का सामना करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड संगीता ने कहा मैंने अपना पहला टूर्नामेंट रांची में तब खेला था जब मैं अंडर-14 टीम में थी और हमने हॉकी झारखंड के लिए कांस्य पदक जीता था। मैंने यहां सब जूनियर स्तर पर भी खेला। रांची में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने का यह मेरा पहला मौका होगा। मैं घरेलू प्रशंसकों के सामने जाने का इंतजार नहीं कर सकती, जो अपना समर्थन दर्शाने के लिये जोरदार प्रदर्शन करेंगे।

संगीता ने कहा पहले झारखंड से केवल कुछ ही खिलाड़ी निकलते थे। हालांकि, अब राष्ट्रीय टीम में यहां के कई खिलाड़ी हैं। हॉकी टर्फ और उपकरण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले कुछ वर्षों में हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने राज्य में हॉकी के विकास के लिए कड़ी मेहनत की है।

थाईलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद भारत शनिवार को मलेशिया से भिड़ेगा। भारत अपने तीसरे गेम में सोमवार, 30 अक्टूबर को चीन से भिड़ेगा जबकि 31 अक्टूबर को जापान से मुकाबला करेगा। भारत दो नवंबर को कोरिया के खिलाफ अपना अंतिम पूल गेम खेलेगा। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल चार नवंबर और फाइनल पांच नवंबर को खेला जाएगा।

भारत के लिये 150 से अधित अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुकी डिफेंडर निक्की प्रधान ने कहा टूर्नामेंट से राज्य के युवा खिलाड़ियों को मदद मिलेगी। मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया और झारखंड सरकार ने इस तरह के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को यहां रांची में आयोजित करने का फैसला किया। राज्य में हॉकी का विकास हो रहा है और यह टूर्नामेंट इस खेल के उत्थान को और बढ़ावा देगा। जल्द ही वह समय आएगा जब हमारा राज्य अपने सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के कारण जाना जाएगा। राज्य में हमारे युवा खिलाड़ियों को भी इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

उन्होने कहा यह पहली बार होगा जब इस स्तर का कोई अंतर्राष्ट्रीय आयोजन यहां रांची में खेला जा रहा है। मेरे परिवार के सभी सदस्य, चचेरे भाई-बहन और दोस्त बहुत उत्साहित हैं और मुझे फोन करके पूछते रहते हैं कि मैच कब शुरू होंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी उनमें से भीड़ का हिस्सा होंगे। इससे मुझे थोड़ी घबराहट होती है लेकिन मैं अपने प्रियजनों के सामने प्रदर्शन करने के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं।

## शिवमणि होंगे हाईकोर्ट लायर्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन लखनऊ के कप्तान

लखनऊ, 20 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश के उना में 23 से 28 अक्टूबर के बीच खेली जाने वाली ऑल इंडिया लायर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट-2023 के लिये द हाईकोर्ट लायर्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन लखनऊ की टीम की घोषणा गुरुवार को कर दी गयी। टूर्नामेंट के लिए चयनित टीम का कप्तान शिवमणि त्रिपाठी और उपकप्तान कपिल गुप्ता को बनाया गया है। टीम की घोषणा हाईकोर्ट के सीनियर जज जस्टिस एआर मसूदी समेत अन्य ने किया। टीम में शिवमणि त्रिपाठी (कप्तान), कपिल गुप्ता (उपकप्तान), आदिल अब्बास (विकेटकीपर), कुमार हर्ष (विकेटकीपर), विवेक पाण्डेय, शैलेंद्र पाठक, नावेद अली, प्रतुल प्रताप सिंह, माधव चतुर्वेदी, अभिषेक सिंह, सुशांत भट्ट, शक्ति वर्मा, प्रवीन चंद्रा, ऋषभ पाण्डेय, राघवेंद्र सिंह शामिल किये गये हैं। टूर्नामेंट में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट्स की टीम के साथ 11 अन्य राज्यों के हाईकोर्ट के एडवोकेट्स की टीमें भाग लेंगी। इससे पहले साल 2021 में लखनऊ हाईकार्ट ने आल इंडिया लायर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया था जिसमें लखनऊ हाईकोर्ट की टीम उपविजेता रही थी।

# कवीन क्विंटल समेत 12 रेसरों के बीच होगी फाइनल दौड़

चेन्नई, 20 अक्टूबर। आईडेमिट्सु होण्डा इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ 250आर चैम्पियनशिप के पांचवें और अंतिम चरण में 21 और 22 अक्टूबर को कवीन क्विंटल समेत 12 दिग्गज रेसर यहां मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर फर्राटा भरेंगे। चौथे राउण्ड की पहली रेस में कवीन क्विंटल ने एक बार फिर से चैम्पियनशिप में अपना प्रभुत्व स्थापित किया था। इस युवा राइडर ने पहली पॉज़िशन पर चैकर्ड लाईन पार करते हुए रेस समाप्त की। मोहसीन पी दूसरे और रहीश खत्री तीसरे स्थान पर रहे थे। अपने इंटरनेशनल एक्सपोज़र और कौशल का उपयोग करते हुए कवीन क्विंटल ने दूसरी रेस में भी अपना लोहा साबित किया था और अपनी बढ़त बरक़रार रखते हुए उन्होंने पहले स्थान पर रेस फिनिश की, वहीं दूसरी ओर मोहसीन पी दूसरे स्थान पर रहे और जोहान्न एमेन्युएल ने कैटेगरी में पहला पोडियम हासिल करते हुए तीसरे स्थान पर रेस फिनिश की। राउण्ड 5 के बारे में बात करते हुए योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, हम इस साल की चैम्पियनशिप के समापन की ओर बढ़ रहे हैं। हमारे होण्डा मेंटर्स प्रतिभाशाली युवा राइडरों को पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे सुनिश्चित करेंगे कि हमारे राइडर सुधार करते हुए जीत हासिल करें। फाइनल राउण्ड में राइडरों का उत्साह और जोश अपने चरम पर है। उम्मीद है कि पांचवां राउण्ड शानदार होंगा और राइडर टॉप स्पॉट पर आने के लिए ज़बरदस्त मुकाबला करेंगे। चैम्पियनशिप के लिए देश भर से 12 युवा राइडर अपनी परपज़-बिल्ट होण्डा एनएसएफ 250 आर मोटरसाइकलों पर सवार होकर रेस के मैदान में उतरेंगे, जिन्हें खासतौर पर मोटो3 क्लास के लिए डिज़ाइन किया गया है।